आभासी दुनिया बनी बदलाव का जरिया

कार्यशाला में संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव पी. मुरलीधर राव।

इंदौर। आभासी दुनिया यानी वर्चुअल वर्ल्ड असल समाज में बदलाव का जरिया बन रहा है। शनिवार को सोशल मीडिया पर चर्चा करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव पी. मुरलीधर राव ने यह बात कही।

'एज एन इंस्ट्रूमेंट ऑफ सोशल एंड पॉलिटिकल चेंज' पर प्रीतमलाल दुआ सभागृह में आयोजित कार्यशाला में आईजी वरुण कपूर कपूर ने साइबर लॉ के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इंटरनेट और सोशल मीडिया का उपयोग कर रहे ज्यादातर लोग इसके कानूनों और सावधानियों से अंजान हैं। मुख्य वक्ता श्री राव ने बताया कि सोशल मीडिया और तकनीक ही समाज और राजनीति में परिवर्तन का जरिया बन रहे हैं। स्वागत बलराम वर्मा ने किया। कार्यक्रम में विधायक रमेश मेंदोला और मालिनी गौड़ भी उपस्थित थे। -नप्र

अब प्रधानमंत्री भी सफाई करेंगे और जनता भी

निगम के स्वच्छता अभियान में शामिल हुए भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव पी. मुरलीधर राव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का कहना है कि अब जनता की जवाबदारी केवल वोट देने के बाद पूरी नहीं होगी, बल्कि जनता को भी सरकार के साथ मिलकर काम करना होगा। जनता सरकार से काम का हिसाब पूछेगी भी।

इंदौर के कार्यकर्ताओं की प्रशंसा देशभर में

भाजपा कार्यालय में श्री राव ने कहा कि लोकतांत्रिक युद्ध में इंदौर के कार्यकर्ता पिछले कुछ चुनावों में जिस तरह सक्रिय है। उसकी प्रशंसा देशभर में होती है। मोदी जी ने अच्छे दिन लाने का वादा किया है लेकिन यहां तो अच्छे दिन पहले से ही चल रहे हैं, जो उर्जा यहां के कार्यकर्ताओं में है, उसका संचार पूरे देश के कार्यकर्ताओं में करना है।